फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर

छुट्टन बनाम उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय व अन्य

केस संख्या : 17 /2024 (मुन्तकिल प्रार्थना पत्र)

दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा का विस्तृत रूप	विशेष विवरण
30.01.2024	दरख्वास्तगुजार ने उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय के समक्ष समक्ष विचाराधीन प्रकरण संख्या 154 / 2023 ब उनवानी रामू लाल व अन्य बनाम शंकर लाल व अन्य में पीठासीन अधिकारी से न्याय मिलने में शंका जाहिर कर उक्त प्रकरण को दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का अनुरोध किया है। उपखण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय से बिन्दूवार टिप्पणी तलब हो। प्रकरण दर्ज रजिस्टर हो। नोटिस विपक्षीगण के रजिस्टर्ड जारी हो। पत्रावली **27.02.2024** को पेश हो। [signature] **जिला कलक्टर** **जयपुर**	
27/2/24	पत्रावली पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित है। वकील प्रार्थी ने अवगत कराया है कि S.D.O जयपुर द्वितिय के पीठासीन अधिकारी श्री महीपाल सिंह चौधरी R.A.S. का अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। उप खण्ड अधिकारी जयपुर द्वितीय के पीठासीन अधिकारी श्री महीपाल सिंह चौधरी R.A.S का अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से उनके विरुद्ध प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत यह मुन्तकिल प्रार्थना पत्र स्वत: ही प्रभाव शून्य (Infructuous) हो गया है। फलस्वरूप प्रार्थी का मुन्तकिल प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। पत्रावली नम्बर से कम हो। [signature] **जिला कलक्टर** **जयपुर**	